कार्यालय अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, पुलिस परामर्श एवं सहायता केन्द्र, जोधपुर

क्रमांक :– 640 **दिनांक :– 25.09.2025**

–: प्रेस नोट :–

श्री ओमप्रकाश, पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशन में श्री साहीन सी, पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर के सुपरवीजन में आयुक्तालय जोधपुर में स्थापित **महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्र** द्वारा श्री अमृतलाल जीनगर, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, पुलिस परामर्श एवं सहायता केन्द्र के नेतृत्व में हनवन्त आदर्श विद्या मन्दिर लालसागर, मां भारती विद्या मन्दिर नयापुरा व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महलों की ढाणी झालामण्ड में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए साप्ताहिक आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया गया है। जिसमें मास्टर ट्रेनर श्रीमती शारदा पूनिया, श्रीमती किरण चौधरी, श्रीमती दुर्गा दाधीच व श्री धर्माराम द्वारा छात्राओं को जनरल अवेयरनेस, हैल्पलाईन नम्बर, कानूनी अधिकारों की जानकारी, छेड़छाड़, बुलिंग, स्टॉकिंग, बेड टच, बेग/पर्स/चैन स्नेचिंग, एसिड हमले, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर अभद्रता, साईबर अपराध तथा अन्य महिला विरोधी अत्याचारों से बचाव के लिये आत्मरक्षा के गुर सिखाये जा रहे है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में शारीरिक मजबूती के साथ–साथ बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढाने के लिये मानसिक मजबूती पर जोर दिया जा रहा है। इसी के साथ महिला महाविद्यालय तिंवरी मथानियां व महिला महाविद्यालय झालामण्ड लूणी में भी राज्य सरकार की बजट घोषणा अनुसार मासिक प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है तथा आने वाले दिनों में अन्य विद्यालयों/संस्थाओं में भी वृहत स्तर पर बालिकाओं/महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिये जाने की योजना है।

''महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्र'' में 13 वर्ष से अधिक आयु की कोई भी कामकाजी, गृहणी महिला, अध्ययनरत बालिका, शिक्षण संस्थाएं एवं अन्य संस्थाएं अपनी संस्था में अध्ययनरत/कार्यरत महिला/बालिकाओं का नामांकन करा सकती है एवं जो अभिभावक अपनी बच्चियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दिलवाना चाहते है, वो इस केन्द्र पर नामांकन करवा सकते है। यह आत्म रक्षा प्रशिक्षण साप्ताहिक व पुर्णतः निशुल्क है। **प्रशिक्षण सम्बन्धी अधिक जानकारी एवं आवेदन फॉर्म के लिये कार्यालय पुलिस परार्मश केन्द्र आयुक्तालय जोधपुर में सम्पर्क कर सकते है।**

संलग्न :– प्रशिक्षण शिविर के फोटोग्राफ।

(अमृतलाल जीनगर)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
पुलिस परामर्श एवं सहायता केन्द्र,
जोधपुर आयुक्तालय

पता – पुलिस लाईन रातानाडा, जोधपुर। फोन नम्बर 0291-2650812 Email-policepassportjdr@gmail.com

राजस्थान पुलिस
मास्टर ट्रेनर